हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 22 मार्च 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 बारिश से तापमान में आई गिरावट



## खबर संक्षेप

### चोरों ने घर के सामने व अस्पताल परिसर से पार किया बाइक

**धौरपुर।** शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्र में भी बाइक चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। चोरों ने घर के सामने व अस्पताल परिसर से चोरों ने एक ही दिन दो बाइक को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सहनपुर निवासी लक्ष्मण सिंह आ. रतिया सोरेन (30 वर्ष) 16 मार्च को भतीजी का शादी कार्ड बाटने ग्राम डडगांव गया था। शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम बबौली पहुंचा तभी आंधी तूफान के साथ बारिश होने पर बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएच 3190 को परिचित के घर के सामने खड़ा कर उसके घर के परछी में खड़ा होकर बारिश रूकने का इंतजार करने लगा। बारिश बंद होने पर घर के बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट धौरपुर थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में ग्राम पाकजाम बड़ा दमाली निवासी हरिनारायण राजवाड़े आ. गेंदा राजवाड़े धौरपुर अस्पताल में महतारी वाहन चलाने का काम करता है। 16 मार्च की दोपहर ड्यूटी करने अस्पताल पहुंचा और अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 5984 को अस्पताल परिसर में खड़ा कर ड्यूटी करने चला गया। रात लगभग 9 बजे ड्यूटी कर वापस आया तो देखा अस्पताल परिसर से बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट धौरपुर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री साय ने किया खेल कुंभ का उद्घाटन

# सरगुजा ओलंपिक खिलाड़ियों के सपनों को नई उड़ान देने का मंच



खिड़ियों से संवाद करते मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि।



गखेल का प्रदर्शन करते खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ शामिल हुए 2 हजार से अधिक खिलाड़ी

पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय संभाग स्तरीय खेल महोत्सव सरगुजा ओलंपिक का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के सपनों को नई उड़ान देने का मंच है। इस खेल महाकुंभ में सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, कोरिया, सूरजपुर और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों से आए 2 हजार 190 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें 1 हजार 44 महिला और 1 हजार 146 पुरूष खिलाड़ी शामिल हैं, जो 17 वर्ष से कम एवं 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा में भागीदारी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर ओलंपिक की सफलता के बाद सरगुजा में भी इस तरह के आयोजन की मांग उठी थी, जिसे सरकार ने प्राथमिकता दी। राज्य सरकार खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 21 लाख रूपये, स्वर्ण पदक विजेताओं को 3 करोड़, रजत पदक विजेताओं को 2 करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं को 1 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही खेलो इंडिया के तहत स्टेडियम निर्माण और खेल अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है। बस्तर और सरगुजा ओलंपिक के लिए 10 करोड़ रूपये का बजट भी निर्धारित किया गया है। कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि खिलाड़ी अपने कौशल से परिवार, समाज, प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बस्तर से लेकर सरगुजा तक खेल प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद चिंतामणी महाराज, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष रामकिशुन सिंह, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर अजीत वसंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं नागरिक उपस्थित थे।

#### हार से सीख लें खिलाड़ी

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कुश्ती खिलाड़ी गीता फोगाट ने कहा कि नशे से दूर रहकर कड़ी मेहनत और जुनून के साथ अपने लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। हार से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सफलता का रास्ता है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को समान अवसर देने की अपील की।

#### खिलाड़ी 12 विधाओं में दिखाएंगे हुनर

तीन दिवसीय खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, कुश्ती, दौड़, बैडमिंटन और रस्साकशी सहित 12 खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजन के लिए पीजी कॉलेज ग्राउंड, हॉकी स्टेडियम, गांधी स्टेडियम और मल्टीपरपज हॉल में व्यापक तैयारियां की गई है। खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के लिए आवास, भोजन तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई है।



# किसानों से किया हर एक वादा पूरा कर रही सरकार : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय राज्य स्तरीय तिलहन किसान मेले का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में दो दिवसीय राज्य स्तरीय तिलहन किसान मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर किसानों को दी जा रही आधुनिक कृषि तकनीकों और तिलहन उत्पादन बढ़ाने के उपायों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने विश्व वानिकी दिवस पर महाविद्यालय परिसर में साल का पौधा रोपित किया और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 2 वर्षों से हमारी सरकार किसानों से किया हर एक वादा पूरा कर रही है। देश खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुका है, लेकिन तिलहन उत्पादन में अभी भी कमी है। वर्तमान में देश अपनी आवश्यकता का लगभग 57 प्रतिशत ही तिलहन उत्पादन कर पा रहा है, शेष 43 प्रतिशत आयात करना पड़ता है। इस कमी को दूर करने के लिए तिलहन विकास परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। कृषक वैज्ञानिकों के सुझावों को अपनाकर तिलहन उत्पादन बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना की तर्ज पर तिलहन फसलों के लिए प्रति एकड़ 11 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही किसान पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और मतस्य पालन जैसे सहायक व्यवसायों को अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकते है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में सुधार के बाद कृषि यंत्रों की कीमतों में कमी आई है, जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि देश को खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है। उन्होंने किसानों से दलहन एवं तिलहन फसलों का उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। कुलपति डॉ.गिरीश चंदेल ने तिलहन विकास कार्यक्रम की जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा 40 स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया। उन्होंने 03 हितग्राहियों को जाल एवं आईस बॉक्स वहीं 2 हितग्राहियों को ट्रैक्टर हेतु अनुदान राशि का चेक प्रदान किया।



## खबर संक्षेप

### महीनों से जला ट्रांसफार्मर अंधेरे में जीने की मजबूरी

**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ओहनिया ग्राम पंचायत के आश्रित मोहल्ला दारीपारा में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। कई महीनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद बिजली विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब तक न तो ट्रांसफार्मर बदला गया और न ही मरम्मत हुई और न कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। शाम ढलते ही पूरा मोहल्ला अंधेरे में डूब जाता है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीणों का सामान्य जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि उन्होंने कई बार गुहार लगाई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला काम नहीं। सवाल यह है कि आखिर कब तक जनता ऐसे ही परेशान होती रहेगी।

### सरगुजा ओलंपिक में खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**बैकुण्ठपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सरगुजा ओलंपिक 2025-26 के अंतर्गत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह प्रतियोगिता 23 मार्च तक सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित होगी। जिले में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तर के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में कोरिया जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोरिया जिले से कुल 303 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। जिनमें 154 पुरुष एवं 149 महिला खिलाड़ी शामिल हैं, इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों की व्यवस्था और संचालन के लिए 33 सदस्यीय स्टाफ दल भी नियुक्त किया गया है, जिसमें 21 पुरुष एवं 12 महिलाएं शामिल हैं। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### सड़क दुर्घटना में मदद करने वालों को मिला सम्मान

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्रीय परिवहन मंत्रालय द्वारा संचालित राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के तहत कोई व्यक्ति घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में मदद करता है, उसे 25,000 रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। एमसीबी जिले की पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को राहवीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त योजना के जनजागरूकता अभियान के फलस्वरूप लाभान्वित कई नागरिकों को सम्मानित कर नगद राशि प्रदान की गई। इनमें बीते 29 नवंबर 2025 को सड़क दुर्घटना में घायल शिवशंकर एवं बीरबल को ग्राम सेमरा थाना चिरमिरी निवासी विनोद साहू द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। इसी तरह 15 दिसंबर 2025 को घायल सीमांत को हल्दीबाड़ी निवासी मोहन ठाकुर द्वारा बीते 28 दिसंबर 2025 को घायल अनिल को नागपुर निवासी शाहनवाज अली, बीते 2 जनवरी 2026 को घायल बाल सिंह को मनेन्द्रगढ़ निवासी महेश साहू द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। उक्त सभी नागरिकों ने घायलों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनके लिए उन्हें 25-25 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

## जमीन बेचने की बात को लेकर नाराज था बेटा, गला घोंटकर की हत्या

# पुत्र ही निकला पिता का हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/चरचा

थाना चरचा क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक के दोनों पुत्रों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने जमीन बेचने की बात से नाराज होकर अपने ही पिता की हत्या कर दी।

- चरचा पुलिस ने किया मामले का खुलासा



पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी।

मामले की जानकारी के अनुसार 16 जनवरी 2026 को प्रार्थी अरविंद राजवाड़े उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खरवट ऊपरपारा, थाना चरचा ने मर्ग रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसके पिता शोभाराम राजवाड़े दूसरी पत्नी के साथ बनखेता पारा में रहते थे। करीब दो वर्ष पूर्व पत्नी की मृत्यु के बाद वह इधर-उधर रहते थे। 16 जनवरी की सुबह लगभग 7 बजे सूचना मिली कि खरवट नान मोहाड़ी तालाब में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि शव उसके पिता का ही है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक 02/2026 धारा 194 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा टीबिया बोन सुरक्षित कर एफएसएल भेजा गया। रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद डॉक्टर द्वारा की गई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मृत्यु गला घोंटकर की गई हत्या है, इसके बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 46/2026 धारा 103 (1), 238 (क), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। संदेह के आधार पर मृतक के पुत्रों रामकैलाश और अरविंद से पूछताछ की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि रामकैलाश उम्र 37 वर्ष पिता द्वारा जमीन बेचने से नाराज था। इसी कारण उसने 15 जनवरी 2026 की रात करीब 9-10 बजे दस्ताने पहनकर अपने पिता का गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद अपने भाई अरविंद की मदद से शव को तालाब में फेंक दिया गया। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे एवं एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 21 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पूरे मामले के खुलासे में थाना चरचा पुलिस की अहम भूमिका रही।

# बारिश से तापमान में आई गिरावट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

### बारिश शुरू होते ही बिजली गुल

शुक्रवार की रात्रि में अचानक बे मौसम बारिश शुरू होने के साथ ही शहर क्षेत्र की बिजली गुल हो गई, जो कुछ समय तक शहर का अधिकांश क्षेत्र अंधेरे में डुबा रहा। करीब आधे घंटे पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति शुरू हो गई।

कोरिया जिले में कुछ दिनों से मौसम में आए बदलाव के कारण बेमौसम बारिश, बुंदाबांदी की स्थिति बनती रही। इस बीच शुक्रवार की रात्रि लगभग 8 बजे उमड़ते-घूमड़ते बादलों के बीच अचानक कुछ देर की झमाझम बारिश शुरू हो गई और देखते ही देखते सड़कों पर पानी जमा हो गया।

अचानक हुई बे मौसम बारिश से सड़कों पर आवागमन कुछ देर के लिए थम गया। इस दिन ईद की खरीदी के लिए बाजार में चहल-पहल रही। कुछ देर की झमाझम बारिश के बाद जब बारिश थमी, इसके बाद सड़कों पर रफ्तार बढ़ने लगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व कोरिया जिले में पटना क्षेत्र एवं सोनहत क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई थी। वहीं जिले कुछ क्षेत्रों में बुंदाबांदी हुई। बीते कई दिन से बादलों भरा मौसम रहने एवं शुक्रवार की रात्रि में बेमौसम बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई। शनिवार को अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दिन अधिकतम तापमान 28 डिग्री तथा न्यूनतम 12 डिग्री रही, इसके चलते इस दिन सुबह के समय हल्की ठंड का भी असर रहा।

बे मौसम बारिश एवं आसमान में बदली के कारण ही अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। यही कारण है कि मार्च के तीसरे सप्ताह में भी जहां गर्मी तेज हो जाती है, वहीं गर्मी से राहत मिली हुई है।





# आग लगने से दो दुकानें जलकर खाक

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के मुख्य मार्ग पर स्थित महुआ पेड़ के पास शुक्रवार की देर रात भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे एक दर्जी की दुकान और एक फोटो कॉपी की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गईं।

आग की लपटें पास की एक फल दुकान तक भी पहुंचीं, जहां रखा सामान आंशिक रूप से जल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात आई आंधी के दौरान अचानक आग भड़क उठी। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती गई और दोनों दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय आसपास सन्नाटा होने के कारण आग पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सका, जिससे नुकसान बढ़ गया। सुबह टहलने निकले लोगों ने जब धुआं और आग की लपटें देखीं, तब आसपास के दुकानदारों को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। इस घटना के बाद नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

लोगों का आरोप है कि नगर पालिका की फायर ब्रिगेड पिछले करीब छह महीनों से खराब पड़ी है। आपात स्थिति में न तो समय पर सहायता मिली और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने फोन उठाया। लोगों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंचती, तो नुकसान कम हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# बरने नदी हत्या कांड: 20 दिन बाद भी आरोपी फरार

**मनेन्द्रगढ़।** बरने नदी क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या का मामला अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। घटना को 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक नामजद दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। हत्या जैसा गंभीर अपराध होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

जानकारी के अनुसार इस मामले में स्पष्ट रूप से नामजद आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज है, फिर भी पुलिस उन्हें पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसी क्या वजह है कि पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी, क्या यह लापरवाही है या फिर किसी दबाव में कार्रवाई को धीमा किया जा रहा है। इधर एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। मृतक के नाबालिग बेटे को पुलिस द्वारा 20 मार्च को सूरजपुर मनोचिकित्सक के पास ले जाया गया। इसे लेकर भी कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोगों का कहना है कि कहीं बयान बदलवाने की कोशिश तो नहीं की जा रही। हत्या जैसे मामले में अब तक ठोस कार्रवाई का अभाव पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है।

# जल है तो कल है: सुरक्षित कल के लिए जल का महत्व समझें, जल संरक्षण आज की जरूरत

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

पेयजल हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण इसके बिना भी जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल के महत्व के बारे में सभी लोगों को गंभीरता से समझने की जरूरत है, ताकि जल को व्यर्थ न बहाया जाए। वहीं सरकारी प्रयास से भी जल संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही है, ऐसे में आम लोग भी जल संरक्षण की दिशा में गंभीर हो तभी भू-जल का सही उपयोग किया जा सकता है। 22 मार्च दुनिया भर में जल संरक्षण को लेकर विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सभी लोगों को भी जल की उपयोगिता को समझना होगा।

कोरिया जिले जिला प्रशासन द्वारा भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए जिले के ग्राम पंचायत क्षेत्रों में बीते कुछ दिनों से सोख्ता गड्ढे बनाए जा रहे हैं, जिसकी सहायता से वर्षा के जल को संरक्षित कर भू-जल स्तर को बढ़ाने का अच्छा पहल किया गया है। लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त करना अधिकार है, लेकिन आज भी कई लोग ऐसे हैं, जिन्हें पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाई है। कोरिया जिले में ही आज कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां के लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। आज भी जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में ढोढ़ी तथा नदी किनारे से पेयजल प्राप्त करना पड़ता है। हालांकि ऐसे क्षेत्र बहुत कम है, लेकिन ऐसे क्षेत्रों में भी शुद्ध पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने की जरूरत है, वहीं भू-जल स्तर को बढ़ाने की दिशा में सरकारी प्रयास तो किए जा रहे हैं, लेकिन आम लोगों की भी इसमें भागीदारी होनी चाहिए और पेयजल के महत्व को समझते हुए इसकी उपयोगिता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि पेयजल व्यर्थ में कही भी न बहे।



### लाखों खर्च के बाद पेयजल को तरस रहे

जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना प्रारंभ की गई। इसके तहत जिलेभर के ग्राम पंचायत क्षेत्रों में लाखों करोड़ों रूपए खर्च कर हर घर पेयजल पहुंचाने की दिशा में काम शुरू किया गया, लेकिन आज भी कई गांव में जल जीवन मिशन का काम आधा-अधूरा पड़ा है, इसके चलते लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। कई पंचायतों में तो लाखों की पानी टंकी शो पीस बन कर खड़ी है और लोगों के घरों के सामने नल के पोस्ट लगे हुए हैं, इनमें पानी सप्लाई अधिकांश जगहों पर शुरू भी नहीं हो पाई।

### गर्मी आते ही कई जगहों पर पेयजल संकट

गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही जिले के कई क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। शहरी क्षेत्रों में निकायों के द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकर के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाती है, इसके चलते शहरी क्षेत्र के लोगों को अधिक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ रहा है,लेकिन जिले के कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे हैं, जहां गर्मी के दिनों में पेयजल संकट का सामना ग्रामीण परिवारों को करना पड़ता है।

# मां चांग देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से लगभग 130 किमी दूर स्थित मां चांग देवी मंदिर इन दिनों गहरी आस्था और श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है। यहां प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है। मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर रात तक पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला लगातार जारी है। केवल छग ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड सहित कई अन्य राज्यों से भी भक्त काफी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। परिवार सहित देवी धाम पहुंचकर श्रद्धालु मां चांग देवी के दर्शन कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि और शांति की कामना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में जय माता दी के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। विशेष रूप से इन दिनों मनोकामना ज्योति कलश जलाने की परंपरा भी बड़ी संख्या में निभाई जा रही है। श्रद्धालु अपनी-अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विधि-विधान से ज्योति कलश स्थापित कर रहे हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से यहां पूजा-अर्चना करने पर मॉ चांग देवी अपने भक्तों की हर इच्छा पूरी करती हैं। इसी आस्था के चलते दूर-दूर से लोग यहां खिंचे चले आ रहे हैं। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। पेयजल, प्रसाद वितरण, साफ-सफाई और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही स्थानीय प्रशासन भी भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग कर रहा है।



नवरात्रि के इस पावन अवसर पर मंदिर की सजावट भी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। रंग-बिरंगी रोशनी और भव्य सजावट के बीच मां चांग देवी का दरबार और भी दिव्य प्रतीत हो रहा है। श्रद्धालु घंटों लाइन में लगकर दर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनके चेहरे पर थकान नहीं, बल्कि आस्था और विश्वास की झलक साफ दिखाई देती है। स्थानीय व्यापारियों के लिए भी यह समय उत्सव जैसा है। मंदिर के आसपास प्रसाद, फूल-माला और पूजा सामग्री की दुकानों में अच्छी रौनक देखने को मिल रही है, इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है। कुल मिलाकर माँ चांग देवी मंदिर इन दिनों आस्था, विश्वास और भक्ति का अद्भुत संगम बना हुआ है, जहां भक्त अपने दिल में एक ही उम्मीद लेकर पहुंच रहे हैं मां की कृपा और आशीर्वाद बना रहे।

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

# ग्राम पंचायत में आवास चौपाल, अधूरे मकानों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

**बैकुण्ठपुर।** जिले में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। 18 मार्च को जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने 12,902 स्वीकृत आवासों की भौतिक स्थिति का जायजा लिया।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन हितग्राहियों को द्वितीय किस्त प्राप्त हो चुकी है, उनके आवास 30 दिनों के भीतर पूर्ण कराए जाएं। ग्राम पंचायत भाड़ी, खोडरी, तेंदुआ, छिंदिया, आनी, पटमा, चिरमी, अमका, तोलगा, बरदिया एवं बड़े साल्ही में आवास स्वीकृति अधिक होने के बावजूद प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इन क्षेत्रों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। साथ ही मैदानी अमले को लगातार क्षेत्र भ्रमण कर कार्य में तेजी लाने को कहा गया। इसी कड़ी में 20 मार्च को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर ए.पन्ना एवं जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास अंकित जायसवाल ने मैदानी अमले के साथ ग्राम पंचायत गोविंदपुर एवं गड़तर में आवास चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में जनमन योजना के तहत तृतीय किस्त प्राप्त 10 हितग्राहियों से आवास निर्माण की स्थिति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने पाया कि अधिकांश आवास ढलाई स्तर पर हैं, जिन्हें 28 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रथम एवं द्वितीय किस्त प्राप्त हितग्राहियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत स्तर के कर्मचारियों को हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त जल संचयन एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 5 प्रतिशत मॉडल सोख्ता गड्ढों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित निगरानी और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाएगी।

# 50 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**सक्ती।** कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 50 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम हरदी स्थित ठाकुर डबरी में कुछ व्यक्तियों द्वारा हाथ भट्ठी के माध्यम से अवैध कच्ची महुआ शराब बनाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। इस दौरान तीन आरोपियों से दो स्कूटी वाहनों में जूट की बोरियों में कच्ची महुआ शराब भरकर बिक्री हेतु ले जाते हुए पकड़े गए। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 50 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। साथ ही शराब निर्माण स्थल पर जाकर देखा गया कि हाथ भट्ठी से शराब बनाई जा रही थी, जिसे मौके पर नष्ट किया गया।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाएं
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD
ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पताः आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप

### वसुधा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

**अंबिकापुर।** वसुधा महिला मंच द्वारा शारदीय नवरात्रि पर मंच की सदस्यों सहित महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं की सूची जारी की गई है। वसुधा महिला मंच द्वारा श्वेता सिंह राणा को प्रथम, रिया तिवारी, रेणु कुमार को द्वितीय, मुक्ता गुप्ता, आशा गुप्ता को तृतीय घोषित किया है। वसुधा सदस्यों में प्रथम अनुभा डबराल, द्वितीय चयती अग्रवाल, तृतीय वन्दना सिंह एवं स्मिता तिवारी को घोषित किया गया। संयोजिका वंदना दत्ता ने बताया कि 23 मार्च को गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित देवी जस गीत कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार दिया जाएगा।

### माँ महामाया मंदिर प्रांगण में हुई श्रीराम सेवा समिति की बैठक



**राजपुर।** माँ महामाया मंदिर प्रांगण में श्री राम सेवा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से विश्वास गुप्ता को श्री राम सेवा समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जबकि नीरज शर्मा को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। विश्वास गुप्ता वर्तमान में राजपुर नगर पंचायत के पार्षद भी हैं, जिसके चलते उनके अनुभव और सामाजिक सक्रियता को देखते हुए सदस्यों ने उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि श्री राम सेवा समिति धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र में जनजागरण का कार्य करती रही है। नई कार्यकारिणी से अपेक्षा की गई कि वह समिति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए समाज हित में कार्यक्रमों का आयोजन करेगी और युवाओं को संगठन से जोड़ने का प्रयास करेगी। नवनियुक्त अध्यक्ष विश्वास गुप्ता ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने समिति के कार्यों को और अधिक सक्रिय बनाने तथा धार्मिक आयोजनों को भव्य रूप से आयोजित करने का आश्वासन दिया। सचिव नीरज शर्मा ने भी संगठन को मजबूत करने की बात कही। इस अवसर में सुरेश सोनी, नरेश अग्रवाल, अनिल गुप्ता,राजा सिंह, राहुल गुप्ता सहित नगरवासी थे।

### दोपहिया वाहन चोरी में मामले में 2 शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे



**अम्बिकापुर।** शहर के अलग-अलग क्षेत्र में हुई बाइक व स्कूटी चोरी की घटना में कोतवाली पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने न सिर्फ दो शातिर चोर को गिरफ्तार किया बल्कि दोनों के पास से 3 लाख कीमत के 6 स्कूटी व बाइक बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक मायापुर निवासी राधा देवी ने 19 मार्च को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 मार्च को स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 7675 से घर के सामने खड़ी की थी। कुछ समय बाद जब बाहर निकली तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब स्कूटी का पता नहीं चला तो कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305 बी के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि घुटरा पारा निवासी चंदन गुप्ता आ. कन्हैया गुप्ता (22 वर्ष) व राजपुर क्षेत्र के महुआपारा निवासी जीवन कैलाश उर्फ बुट, आ. बंशु ऑर्मो (27 वर्ष) समलाया मंदिर के समीप बाइक चोरी के फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दोनों को पकड़ा। पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों ने शहर सहित आसपास क्षेत्र से बाइक व स्कूटी चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की गई दो स्कूटी व चार बाइक बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 457,380 व धारा 111 जोड़कर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### बिना किसी चिंता के घर में मिल रही बिजली

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने जशपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा



आत्मनिर्भरता की नई राह खोल दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन जिले में किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। बगीचा विकासखंड के ग्राम चम्पा निवासी श्री कोइरा राम इसकी एक सशक्त उदाहरण हैं। उन्होंने अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 2 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया है। कोइरा राम बताते हैं कि सोलर पैनल लगने से पहले उन्हें हर महीने अधिक बिजली बिल चुकाना पड़ता था।

## फर्जी तरीके से उपभोक्ता के नाम का सिलेंडर खपा देते है दूसरों को

# प्रतापपुर क्षेत्र में रसोई गैस की भारी किल्लत से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापपुर

नगर पंचायत प्रतापपुर सहित आसपास क्षेत्र में रसोई गैस की भारी किल्लत है। एक ओर जहां उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा, वहीं दूसरी ओर अब फर्जीवाड़ा का भी मामला सामने लगा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि आम उपभोक्ता अब मजबूरी में महंगे दामों पर गैस खरीदने को विवश हो रहे हैं।

**खास बात**
- केवाईसी में हुआ खुलासा

नगर के वार्ड क्रमांक 6 निवासी महेंद्र गुप्ता के साथ जो हुआ वह न सिर्फ चौकाने वाला बल्कि यह संकेत भी देता है कि कहीं न कहीं गैस वितरण में भारी फर्जीवाड़ा चल रहा है। महेंद्र गुप्ता अपनी गैस भरवाने एजेंसी पहुंचे, तो उन्हें केवाईसी अपडेट न होने का हवाला देकर वापस भेज दिया गया। लेकिन जैसे ही उन्होंने केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराई और एजेंसी के रिकॉर्ड में जो खुलासा किया वह हैरान कर देने वाला था। रिकॉर्ड में दर्ज था कि उनके नाम पर 24 फरवरी को गैस सिलेंडर पहले ही उठाया जा चुका है। जबकि महेंद्र गुप्ता का कहना है कि उन्होंने आखिरी बार जुलाई 2025 में ही गैस लिया था और उसके बाद से कोई सिलेंडर नहीं उठाया। यहीं नहीं एजेंसी के रिकॉर्ड में दर्ज मोबाइल नंबर भी उनका नहीं था। जब उस नंबर पर संपर्क किया गया, तो वह किसी होटल संचालक का निकला। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उपभोक्ताओं के नाम पर फर्जी तरीके से गैस सिलेंडर उठाकर कहीं और खपाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की गड़बड़ी कई उपभोक्ताओं के साथ हो रही है, लेकिन डर या जानकारी के अभाव में लोग खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। ऐसे में गैस एजेंसी स्तर पर संगठित तरीके से फर्जीवाड़ा कर गैस की कालाबाजारी से इंकार नहीं किया जा सकता है। गैस की इस किल्लत, फर्जीवाड़े और जबरन वसूली करने से अब लोगों में काफी आक्रोश है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि जल्द ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गैस एजेंसी के पूरे रिकॉर्ड की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



### जबरन पाइप खरीदने का दबाव

नए गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लेने के दौरान 190 रुपये का पाइप जबरन थमाया जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि वे पाइप लेने से इनकार करते हैं, तो उन्हें सिलेंडर देने से साफ मना कर दिया जाता है। इधर डीलर यह कहकर पल्ला झाड़ लेते है कि ऊपर से ही ऐसा आदेश मिला हुआ है। इस जबरदस्ती पर उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है और इसे खुलेआम वसूली का जरिया बताया जा रहा है।

### करना पड़ता है लंबा इंतजार

प्रतापपुर क्षेत्र में पहले से ही गैस की भारी किल्लत बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां 45 दिनों के अंतराल पर सिलेंडर मिल रहा है, वहीं शहरी क्षेत्रों में भी 25 दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में जब उपभोक्ता लाइन में लगकर भी गैस नहीं पा रहे, वहीं दूसरी ओर होटलों को तत्काल गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जाना कई सवाल खड़े करता है। इससे आशंका और गहराती है कि जनता की जरूरतों को नजरअंदाज कर व्यावसायिक उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है।

### कराई जाएगी जांच

उपभोक्ता की रसोई गैस सिलेंडर किसी दूसरों को वितरण कर दे रहे है इसकी जानकारी नहीं है। अगर ऐसा हो रहा है तो गलत है इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में शिकायत सही पाई जाती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

-शशि जायसवाल
फूड इंस्पेक्टर

## नगर में गहराई रसोई गैस की किल्लत होटल एवं स्ट्रीट फूड व्यवसाय प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीतापुर

वैश्विक स्तर पर युद्ध के कारण मचे उथल पुथल से अब रसोई गैस की आपूर्ति भी बाधित होने लगी है जिससे नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस की किल्लत गहरा गई है। रसोई गैस के किल्लत की वजह से घरों के चूल्हा चौकी समेत होटल एवं ठेला गुमटी व्यवसाय ठप्प होने लगा है जिससे छोटे व्यवसायियों के समक्ष परिवार की रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। दशकों बाद रसोई गैस की ऐसी किल्लत से सभी वर्ग के लोग काफी परेशान नजर आ रहे है।

विदित हो कि वैश्विक स्तर पर युद्ध की वजह से रसोई गैस की आपूर्ति बुरी तरह चरमरा गई है। जिसकी वजह से कमर्शियल एवं घरेलू गैस की समस्या उत्पन्न हो गई है। रसोई गैस की आपूर्ति बाधित होने से इसका असर नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। गैस सिलेंडर के अभाव में घर के रसोई के अलावा मांगलिक कार्यों पर भी इसका असर पड़ रहा है। ऐसे में लोग घरों में इंडक्शन या फिर इलेक्ट्रिक सिस्टम के सहारे रसोई की जरूरतें पूरी कर रहे है। बड़ी जरूरतें पूरी करने के लिए लोगों को लड्डू कोयला एवं जलावन का सहारा लेना पड़ रहा है। एलपीजी गैस की कमी से छोटे व्यवसायी खासकर ठेला गुमटी पर चाट फुल्की चाइनीज फूड एवं मोमोज का व्यवसाय करने वालों का कारोबार बंद होने की कगार पर जा पहुंच गया है। एलपीजी गैस के अभाव में इनके समक्ष आजीविका समेत परिवार के भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने का असर होटल एवं रेस्टोरेंट के अलावा कैटर्स के व्यवसाय में भी देखने को मिल रहा है। होटल और रेस्टोरेंट तो विकल्प के तौर पर कोयला एवं जलावन लकड़ी का उपयोग करने लगे है लेकिन कैटर्स का व्यवसाय गैस के बिना प्रभावित हो चला है। जिसकी वजह से वैवाहिक कार्यक्रमों पर भी अब इसका असर पड़ने लगा है। एलपीजी गैस संकट को देखते हुए नगर के होटल व्यवसायी भी शादी विवाह को लेकर होने वाली बुकिंग पर बड़ा सोच समझ कर निर्णय ले रहे है। लोगों का कहना है कि जब तक एलपीजी गैस की मात्रा पर्याप्त न हो तब तक कुछ भी कह पाना संभव नहीं है। इसलिए जब तक सुचारू रूप से एलपीजी गैस की आपूर्ति शुरू नही होती तब तक ऐसे कार्यक्रमों में असमंजस की स्थिति बनी रहेगी। बहरहाल नगर में रसोई गैस की आपूर्ति ठप्प होने से सामान्य जनजीवन बुरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। लोग हर रोज बड़ी उम्मीद के साथ गैस एजेंसी का रुख करते है और मायूस होकर खाली हाथ लौट आते है। गैस एजेंसी के संचालक से जब इस बारे में पूछा जाता है तो वो भी अपने हाथ खड़े कर देते है। उनका कहना है कि उन्हें भी नहीं पता कि आखिर कब तक सुचारू रूप से एलपीजी गैस की आपूर्ति शुरू हो पाएगी। जबकि शासन प्रशासन का कहना है कि एलपीजी गैस को लेकर लोगो को परेशान होने की जरूरत नहीं है। एलपीजी गैस का पर्याप्त मात्रा में भंडारण है। अब सवाल यह उठता है कि जब पर्याप्त मात्रा में भंडारण है तब उसकी आपूर्ति क्यों नहीं की जा रही है। अगर सीमित मात्रा में भी इसकी सप्लाई होने लगे तो लोगों को इससे काफी राहत मिलने लगेगी।

### रसोई गैस बुकिंग की समय सीमा ने बढ़ाई परेशानी

एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था ठप्प होने के बाद रसोई गैस की बुकिंग हेतु निर्धारित समय सीमा ने भी उपभोक्ताओं का सिरदर्द बढ़ा दिया है। पहले बुकिंग की समय सीमा कम से कम 14 दिन की थी पर अब अस्थायी रूप से शहरी क्षेत्र के लिए 25 एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 45 दिन निर्धारित कर दी गई है। इसके अलावा ऑनलाइन बुकिंग या रसोई गैस कंपनियों द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर भी बुकिंग बंद हो गई है। ऐसे में उपभोक्ताओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### नहीं मिला है भंडारण

एलपीजी गैस को लेकर लोगों को हो रही परेशानी को लेकर सभी गैस गोदामों का निरीक्षण किया गया है। कही पर भी एलपीजी गैस का भंडारण नहीं मिला।

-सरस्वती राजवाड़े, खाद्य निरीक्षक

## कार्यशाला के अंतिम दिन छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रेमनगर

शासकीय नवीन महाविद्यालय में राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय इको टूरिज्म कार्यशाला का समापन हुआ। 16 से 20 मार्च तक आयोजित कार्यशाला ने विद्यार्थियों को न केवल पर्यटन के शैक्षणिक पहलुओं से अवगत कराया, बल्कि उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित किया।

- इको टूरिज्म कार्यशाला का भव्य समापन



वन भ्रमण करते विद्यार्थी।

कार्यशाला के अंतिम दिन का मुख्य आकर्षण क्षेत्रीय भ्रमण और प्राकृतिक अन्वेषण रहा, जिसने पूरे आयोजन को एक जीवंत अनुभव में बदल दिया। जिसके संचालक रेखा जायसवाल, सह संयोजक हीरालाल सिंह एवं आयोजक सचिव हरिशंकर रहे। सभी 50 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को महुआ दाह क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। घने वृक्षों से आच्छादित हरित वादियां, स्वच्छ जलधाराओं, झरनों को देखकर विद्यार्थी भावविभोर हो उठे। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को स्थानीय जैव विविधता, वनस्पतियों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। भ्रमण के अगले चरण में प्रतिभागियों ने क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिरंचि बाबा धाम पहुंचकर दर्शन किए। पवित्र स्थल के शांत और आध्यात्मिक वातावरण ने सभी को आंतरिक सुकून प्रदान किया। यहां विद्यार्थियों ने अनुभव किया कि प्राकृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन एक-दूसरे के पूरक हैं और दोनों मिलकर व्यक्ति के समग्र विकास में सहायक होते हैं। पूरे क्षेत्रीय भ्रमण ने विद्यार्थियों को प्रकृति और संस्कृति के गहरे संबंधों को समझने का अवसर दिया तथा उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर रविशंकर उर्रे, मनबोध कुजुर, जयशंकर, अमित कुमार,डंकेश्वर, शेषनंदन, श्रीमती पुनीता राजवाड़े, अनु सिंह राजपूत, सोनाली किंडो,श्रीमती सुभिया सिंह, चंद्रशेखर, रितेश पैकरा, किशुन सहित विभिन्न समितियों के सदस्य मौजूद रहे।

## अब कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज का संपूर्ण खर्च वहन करेगी कोल इंडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

देश की प्रमुख कोयला कंपनी सीआईएल ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के उपचार को लेकर अहम निर्णय लिया है।कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 487 वीं बैठक में इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिसके बाद 20 मार्च को आधिकारिक आदेश जारी कर इसे लागू कर दिया गया। इस फैसले के तहत अब कैंसर जैसी गंभीर और महंगी बीमारी के इलाज का पूरा खर्च कंपनी खुद वहन करेगी।

- प्रस्ताव को मंज़ूरी मिलने पश्चात आदेश हुआ जारी

इसके लिए मुंबई स्थित देश के प्रतिष्ठित टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल को अधिकृत संस्थान घोषित किया गया है, जहां इलाज कराने वाले पात्र लाभार्थियों को वास्तविक खर्च के आधार पर पूरी आर्थिक सहायता मिलेगी।जारी आदेश के अनुसार कैंसर उपचार से जुड़े सभी जरूरी मेडिकल खर्च अब सीआईएल द्वारा वहन किए जाएंगे। इसमें डॉक्टर की परामर्श फीस, विभिन्न प्रकार की जांचें, आधुनिक इमेजिंग तकनीक, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी और सर्जरी जैसे महंगे उपचार शामिल हैं। मरीजों को अब इलाज के दौरान आर्थिक बोझ की चिंता नहीं सताएगी।हालांकि कंपनी ने इस सुविधा के लिए कुछ जरूरी शर्तें भी निर्धारित की हैं। लाभ तभी मिलेगा जब इलाज टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा प्रमाणित हो, उपचार स्वीकृत ऑन्कोलॉजी प्रोटोकॉल अंतर्गत किया गया हो। यह सुविधा सिर्फ वर्तमान कर्मचारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवानिवृत्त कर्मियों और अन्य पात्र लाभार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। यह योजना मेडिकल अटेंडेंस रूल्स और सीपीआरएमएसई योजनाओं के अंतर्गत आने वाले सभी हितग्राहियों पर लागू होगी। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में आने वाले भारी खर्च को देखते हुए यह फैसला हजारों परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं माना जा रहा है। कर्मचारियों और उनके परिजनों ने इसे राहत और विश्वास बढ़ाने वाला कदम बताया है ।

## रामानुजगंज में चैती छठ को लेकर तैयारियां तेज, दे रहे अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ को लेकर पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। पर्व के आगमन से पहले ही नगर पालिका प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है, जिससे व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



नगर के प्रमुख छठ घाट कनहर नदी स्थित राम मंदिर घाट सहित अन्य छठ घाटो को इस बार विशेष रूप से आकर्षक और सुरक्षित बनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए अस्थायी पुलिया का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, वहीं घाटों की साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस आस्था पर्व में 24 मार्च को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे, जबकि 25 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारण करेंगे। इन दोनों दिनों घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि रामानुजगंज में छठ पर्व केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आस्था और संस्कृति का महोत्सव है। हर वर्ष यहां का नजारा अद्भुत होता है, जिसे देखने दूर-दराज से लोग पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी सभी व्यवस्थाएं जनभावनाओं के अनुरूप की जा रही हैं। तैयारियों का जायजा लेने नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के साथ पार्षद सुमित गुप्ता, अर्जुन दास, अमित गुप्ता, अनूप कश्यप, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार और सब इंजीनियर प्रकाश रंजन, छुट्टू गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि छठ घाट पहुंचे।

## आधे घंटे की मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापपुर

शुक्रवार की रात करीब 10 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। महज आधे घंटे की तेज बारिश ने पूरे क्षेत्र का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बारिश इतनी तेज थी कि सड़कों पर पानी भर गया और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई।

- तेज आंधी-तूफान से गिरे पेड़, बिजली व्यवस्था की खुली पोल

तेज हवाओं के कारण कई छोटे-बड़े पेड़ गिर गए, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। इस दौरान हल्की ओलावृष्टि भी हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश और हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि ऐसा लग रहा था मानो सब कुछ अपने साथ उड़ा ले जाएगी। अचानक आए तूफान का असर केवल जनजीवन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई। पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैकआउट की स्थिति बनी रही। हल्की सी बारिश में ही बिजली गुल हो जाना विभाग की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल ऐसी स्थिति बनती है, लेकिन बिजली विभाग द्वारा स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। बिजली गुल रहने के कारण परेशानी गुजारनी पड़ी। कई घरों में पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो गई। विद्युत सप्लाई बंद होने से मोटर पंप नहीं चल सके। तेज आंधी-तूफान का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है। मौसमी सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई



जा रही है। खेतों में पानी भरने और तेज हवा के कारण कई फसलें झुक गईं या टूट गईं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश के बाद मौसम में अचानक ठंडक आ गई है। ठंडी हवाओं के कारण जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं सर्दी-खांसी जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।आधे घंटे की तेज बारिश और आंधी-तूफान ने प्रतापपुर में जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है और बिजली विभाग की तैयारियों की भी पोल खोलकर रख दी है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बेबी हालदार आ. रमेशचंद्र राय, निवसी ग्राम सुभाषनगर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम चठिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 388/4 रकबा 0.190 हे. में से 8.5 डिसमिल भूमि नाती के विवाह एवं मकान निर्माण हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक अनिल कुमार सिंह आ.स्व. कुबेर नाथ सिंह, निवासी नेहरू वार्ड सत्तीपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) को रू. 11,05,000/- (ग्यारह लाख पांच हजार रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 6/4/2026 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**




## सिलफिली में 3 अप्रैल को खाटू श्याम कीर्तन दरबार का आयोजन, तैयारियां जोरों पर

**बिश्रामपुर।** श्री श्याम सेवा समिति सिलफिली द्वारा आगामी 3 अप्रैल को सिलफिली हाई स्कूल ग्राउंड में पंचम श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है,श्री श्याम सेवा समिति ने बताया कि श्याम रस की अलख जगाने के लिए श्याम जगत के भजन प्रवाहकों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से परविंदर पलक फतेहाबाद से, मोनू दुआ चंडीगढ़ से चैतन्य दाधीच जयपुर से बाबा श्याम की अलख जगाएंगे। कीर्तन में सूरजपुर के पप्पू महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। पंचम श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को भव्य रूप से करने के लिए आयोजन समिति के सदस्य सक्रिय हैं। बाबा श्याम के भव्य दरबार हेतु उड़ीसा के दरबार सेवकों को आमंत्रित किया गया है, जो बाबा श्याम का आकर्षक दरबार बनाएंगे और अलौकिक श्रृंगार हेतु विभिन्न राज्यों के फूलों की मंगवाने की तैयारी की जा रही है। कीर्तन में श्याम रसोई, इत्र वर्षा, छप्पन भोग की व्यवस्था की गई है। आयोजन की तैयारियों के बीच कीर्तन को सफल बनाने हेतु समिति के संरक्षक ठाकुर राजवाड़े, धीरज विश्वास, अध्यक्ष शुभम अग्रवाल, नरेंद्र यादव, अमन अग्रवाल, दीतेश राय, शुभम गोयल, कृष्णा गुप्ता, अभिषेक कुशवाहा, राजकुमार बैरागी, शशिकांत भगत, नीरज अग्रवाल, रोहित कुशवाहा, धीरज अग्रवाल, दीपक कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, साहिल व अन्य सक्रिय हैं।



## खबर संक्षेप

### अदाणी विद्या मंदिर की छात्रा श्रेया सिंह ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा



**अम्बिकापुर।** अदाणी विद्या मंदिर की कक्षा आठवीं की छात्रा श्रेया सिंह ओटी ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। श्रेया ने 200 में से 142 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया 32,629 रैंक प्राप्त की है। पिछले तीन वर्षों से विद्यालय में अध्ययन कर रही श्रेया ने यह सफलता बिना किसी ट्यूशन या कोचिंग के हासिल की है। विद्यालय प्रबंधन ने श्रेया की सफलता पर कहा कि यह उपलब्धि उनके अनुशासित अध्ययन, तार्किक सोच, निरंतर प्रयासों और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### शहीद दिवस पर इप्टा की प्रभातफेरी कल

**अम्बिकापुर।** अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू के शहादत दिवस इप्टा एवं प्रगतिशील लेखक संघ के संयुक्त तत्वाधान 23 मार्च को प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इप्टा के वरिष्ठ सदस्य सरदार प्रीतपाल सिंह ने बताया कि अमर शहीदों की स्मृति में सोमवार को सुबह 7 बजे गांधी चौक से प्रारंभ होगी तथा शहर का भ्रमण करते हुए महामाया चौक पहुंचेगी जहां शहीदों को मौन श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

### ठेका कर्मचारी ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**डांड़गांव।** बिहार के गोविंदगंज चंपारण अंतर्गत बथना निवासी ओम प्रकाश आ. अखिलेश महतो (22 वर्ष)अपने साथियों के साथ विगत 2 वर्ष से कोयला खदान मेरिट कम्पनी में काम करता था। शुक्रवार को अपने साथियों के साथ क्वार्टर में भोजन कर सो गया। इसी बीच अचानक रात्रि में रूम से सौ मीटर दूरी में जाकर गमछे से महुआ पेड़ में फांसी लगा लिया। सुबह महुआ बीनने गए ग्रामीण पेड़ के पास पहुंचे तो युवक को फांसी में लटा देखा। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी आस पास के लोगो को दी। शव का पहचान होने पर इसकी सूचना उदयपुर पुलिस को दी गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। युवक ने किस कारण फांसी लगाई यह स्पष्ट नहीं हो सका। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### बिजली बिल भुगतान समाधान योजना लागू

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 लागू किया हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित इस योजना के तहत बीपीएल, घरेलू तथा कृषि श्रेणी के बकायादार उपभोक्ताओं को बिजली बिल की मूल राशि और अधिभार (सरचार्ज) में विशेष छूट प्रदान की जा रही है।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 22 मार्च को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह, बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.करण सराफ, श्वास,छाती, एलर्जी एवं टीवी रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



## मांगी देश के अमन चैन और तरक्की की दुआ

# धूमधाम से मनाई गई ईद, लोगों ने अकीदत के साथ पढ़ी नमाज





ईद की नमाज अता करते समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- एक-दूसरे से गले मिलकर दी ईद की बधाई


मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद उल फितर का धूमधाम से मनाया गया इस दौरान समाज के लोगों ने ईदगाह समेत मस्जिदों में ईद की दो रकात नमाज अदा की। ईद के मौके पर लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी और देश व दुनिया में अमन चैन के लिए दुआ मांगी इसके साथ ही समाज के लोगों ने कब्रिस्तान में अपने पूर्वजों के कब्र पर फातिहा पढ़ी। ईद को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

बता दें कि मुस्लिम समाज के लोग पवित्र माह रमजान के अवसर पर एक माह से लगातार इबादत में लीन थे। इस दौरान समाज के लोगों ने रोजे रखने के साथ ही दावते इफ्तार का आयोजन किया। मजिस्दों में तरावीह की नमाज पढ़ने के साथ ही अन्य इबादतें की गई। एक माह तक रोजा रखने के बाद शनिवार को समाज के लोगों ने ईद का त्यौहार मनाया। ईद को लेकर सुबह से ही समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। समाज के लोग सुबह से ही नए कपड़ों में ईदगाह के साथ ही अन्य मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। इस दौरान ईदगाह में ईद के लिए व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई थी। इस दौरान ईदगाह में पेश इमाम कारी असीमउद्दीन ने रमजान और ईद को लेकर समाज के लोगों को जानकारी प्रदान की इसके बाद ईद की दो रकत नमाज अदा की गई। लोगों ने एक साथ ईद की नमाज पढ़ने के साथ ही देश दुनिया में अमन चैन, एकता और भाईचारे की दुआ मांगी। इसके साथी ही लोगों ने अपने और अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। शनिवार को लोगों ने ईदगाह के साथ ही अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज पढ़ी। शहर के रसूलपुर स्थित नाजमियां मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने ईद की नमाज पढ़ाई। वहीं शहर के जामा मजिस्द समेत अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद समाज के लोग कब्रिस्तान पहुंचें जहां उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों की कब्रों पर फातिहा पढ़ने के साथ ही दुआ मांगी। ईद के अवसर पर जिला व पुलिस प्रशासन ने ईदगाह, मस्जिदों , कब्रिस्तान में व्यापक पैमाने पर सुरक्षा के इंतजाम किए थे। इस दौरान ईदगाह में अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी, जावेद खान, रिजवान सिद्दीकी, परवेज आलम गांधी, अनिक खान, बंटी, सिकंदर खान, याकूब खान, ग़ुलाम हैदर, ज़लील सिद्दीकी, शकील अंसारी, रेयाज अंसारी, के साथ ही कांग्रेस नेता शफी अहमद, रशीद अंसारी, मोहम्मद इस्लाम सहित अन्य मौजूद थे।

### लखनपुर क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ईद, मांगी देश में अमन चैन की दुआ

**लखनपुर।** क्षेत्र में ईद बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। शनिवार की सुबह 9 बजे मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पहुंचे जहां जामा मस्जिद के इमाम खालीदुल कादरी द्वारा ईद की नमाज अदा कराई और देश में अमन चैन हेतु दुआ मांगी गई। पवित्र महीना रमजान के आखिरी रोजे के दिन शुक्रवार की शाम लगभग 6 बजे लखनपुर जामा मस्जिद में इफ्तार का इंतजाम किया गया था। इसी इफ्तार में बड़ी संख्या में समुदाय के लोग शामिल हुए। अंजुमन गौसिया कमेटी की लखनपुर द्वारा ईद की नमाज को लेकर ईदगाह में व्यापक इंतजाम किए गए थे वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल भी मौजूद रहा। मुस्लिम समुदाय के लोग नई पोशाक पहनकर शनिवार की सुबह ईद उल फितर की नमाज अदा कर सलातो सलाम के बाद देश में अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। मुस्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। दिन भर समाज के लोग वह एक दूसरे के घरों में जाकर सिरनी के रूप में सेवई मिठाई खाकर एक दूसरे को बधाई दी गई। ईद के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग जूनाडीह स्थित जामाशाह रहमतुल्लाह अलैह के दरगाह और पूर्वजों के कब्रिस्तान में जाकर फातेहा पढ़ी। पवित्र माह रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज भी अदा की गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में बड़े बुजुर्ग व बच्चे उपस्थित रहे। मुख्य रूप से अंजुमन गौसिया कमेटी के सदर हाजी इदरीश खान, नायब सदर हाजी इमदाद खान, इबरार खान सेक्रेटरी नसरत अली,खजांची नूमान खान, पूर्व सदर हाजी कयामुद्दीन अंसारी, शराफत अली, हाजी इसहाक खान, शहाबुद्दीन खान, मतीन अख्तर नूर मोहम्मद, इरशाद खान, शमीम खान, महबूब हैदर, साबिर अंसारी, हाशिम खान,जानिसार अख्तर, हिसामुद्दीन खान, आसिफ नूर, जौहर अली, वसीम खान, शमशेर, सदाकत हुसैन सहित मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।





## माँ कुदरगढ़ी धाम पहुंचे सीएम ने की प्रदेश की खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

- दी 185 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, किया लोकार्पण-भूमिपूजन

चैत्र नवरात्रि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदरगढ़ पहुंचकर माँ कुदरगढ़ी धाम में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। माँ कुदरगढ़ी देवी मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री श्री साय ने जिलेवासियों को 185.10 करोड़ रूपये की लागत से 52 कार्यों का लोकार्पण एवं 24 कार्यों का भूमिपूजन कर विकास की सौगात दी। इन कार्यों में सड़क, भवन, पेयजल, शिक्षा, जलाशय एवं नगरीय अधोसंरचना से जुड़े निर्माण शामिल हैं। समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जिले में रेडी टू ईट निर्माण कार्य के माध्यम से पोषण कार्यक्रम का संचालन बेहतर ढंग से किया जा रहा है, जिससे महिलाओं और बच्चों को लाभ मिल रहा है। माता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र से नक्सलवाद समाप्त करने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। साथ ही कुदरगढ़ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शीघ्र ही रोपवे का निर्माण कराया जाएगा, जिससे दर्शन करना और अधिक सुगम हो जाएगा। क्षेत्र में डोम, बिजली सहित सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि कुदरगढ़ धाम का समग्र और सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की उन्नति के लिए निरंतर कार्य कर रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी आय बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरगुजा ओलंपिक के आयोजन से इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल का नया अवसर मिला है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करते हुए महिलाओं और बच्चों को बेहतर पोषण प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सामुदायिक भवन, गढ़वतिया धाम, कुदरगढ़ में स्वास्थ्य केंद्र और लोक न्यास ट्रस्ट के भवन के लिए राशि की स्वीकृति पर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल सिंह पैकरा, पूर्व विधायक श्रीमती रजनी त्रिपाठी, बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, भुवन भास्कर सिंह सहित क्षेत्र के जनप्रतिनधि श्रद्धालु व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### जागरूकता रथों को दिखाई हरी झंडी

- पोषण, सड़क सुरक्षा और नवीन आपराधिक कानून के तीनों मोर्चों पर एक साथ जन-जागरण अभियान

**अम्बिकापुर।** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने 5 जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान के तहत 3 पोषण रथ, 1 सड़क जागरूकता रथ तथा 1 नवीन आपराधिक कानून जागरूकता रथ को दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये जागरूकता रथ केवल वाहन नहीं, बल्कि जन जागरण के दूत है। सुपोषित, सुरक्षित और कानून के प्रति सजग समाज के निर्माण में ये महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कुदरगढ़ में नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त विश्रामगृह भवन का लोकार्पण किया। लगभग 3 करोड़ 9 लाख 60 हजार रूपये की लागत से निर्मित विश्रामगृह में 2 वीआईपी सूट, 3 वीआईपी कमरे, डायनिंग एरिया, किचन, वेटिंग एरिया के साथ ही गैरेज, गार्ड रूम, सर्वेंट क्वार्टर एवं वाहन शेड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।



### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**अम्बिकापुर।** लुचकी घाट पर बाइक व पिकअप में आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम सेदम निवासी ईश्वर साहू आ. हरिशचंद्र साहू (40 वर्ष) शनिवार को किसी काम के सिलसिले में सेदम उरांवपारा निवासी सोने लाल आ. घूरा (23 वर्ष) के साथ उसके बाइक से शहर आए थे। दोपहर को दोनों बाइक क्रमांक सीजी 14 एमटी 1939 से वापस घर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार लुचकी घाट पर पहुंचे तभी रघूनाथपुर की ओर से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के पीछे बैठा ईश्वर सड़क पर गिर गया जिससे पिकअप का पहिया युवक के सिर से गुजर जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं बाइक चालक सोने लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। इधर घटना को देख राहगीरों घायलों को वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ईश्वर को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल सोने का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस ने घटना कारित पिकअप को जब्त किया है।





### ग्रामीणों एवं यात्रियों को नहीं थी हाथियों के मौजूदगी की जानकारी

## सकालो जंगल पहुंचे चार हाथी शाम में किया मुख्यमार्ग को पार



**अम्बिकापुर।** शहर से सटे ग्राम पंचायत सकालो के जंगल में हाथियों की दस्तक से आसपास के लोगों में भय का वातावरण निर्मित हो गया है। हाथियों ने शनिवार को शाम 4.45 बजे मुख्य मार्ग को पार किया तो यात्रियों को जंगल में हाथियों के मौजूद होने की जानकारी मिली। इस दौरान यात्रियों ने हाथियों का सड़क पार करते वीडियों बनाया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलरामपुर वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र राजपुर के अखोरा जंगल से चार हाथियों का दल चार दिन पहले शहर के निकट पहुंचा था तथा ग्राम पंचायत कल्याणपुर, पोड़िया, कोटबहरा, घंघरी, कुल्हाड़ी, बलसेड़ी, खलिबा, सकालो एवं कंचनपुर के बीच भ्रमण कर रहा था। हाथियों का दल रात में ही शहर से सटे सकालो जंगल में दाखिल हुआ था। दिन में आराम करने के बाद हाथी शाम 4.45 बजे अम्बिकापुर-प्रतापपुर मार्ग को पार कर दूसरी ओर के जंगल में पहुंचे। सड़क के निकट सकालों जंगल में हाथियों के मौजूद होने की जानकारी किसी को भी नहीं थी न ही इस दौरान स्थल पर वनकर्मी ही मौजूद थे। सड़क से गुजरने वाले यात्री निश्चिंत होकर आवागमन कर रहे थे। शाम 4.45 बजे हाथी अचानक मुख्य मार्ग पर पहुंचे तो यात्रियों को हाथियों के मौजूद होने की जानकारी मिली। हाथियों को सड़क पार करते देख यात्रियों ने अपनी वाहन रोक दी तथा इत्मिनान से हाथियों के सड़क पार करने का वीडियो बनाया। हाथियों के कल्याणपुर जंगल की ओर जाने की संभावना जताई जा रही है। इस संबंध में डीएफओ अभिषेक जोगावत ने बताया कि हाथियों के सकालो जंगल में मौजूद होने की जानकरी मिली है। सूचना पर वन अमला घटनास्थल पर पहुंच गया है।







## हमर लैब में रिजेंट की कमी, दो सालों से कई महत्वपूर्ण जांच बंद

- आपातकालीन स्थिति में मरीज प्राइवेट लैब में जाने को मजबूर

**बिश्रामपुर।** शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन वास्तविकता में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है, बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई करोड़ रुपये की राशि खर्च कर स्थापित किए गए अस्पताल और हमर लैब दो वर्षों के अधिक समय से रीजेंट की कमी से जूझ रहा है, जिस कारण से यहां 51 प्रकार की महत्वपूर्ण ब्लड जांच होने की बजाय मात्र 27 जांच ही हो पा रही हैं।ऐसे में दूर दराज से पहुँचने वाले मरीजों को विवश होकर प्राइवेट लैब में टेस्ट कराने पड़ रहे हैं एवं इसके लिए उनको मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है।

बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में आसपास के दर्जन भर से अधिक गाँवो के लगभग 25 से 30 हजार मरीज यहाँ इलाज कराने पहुँचते हैं,वर्ष 2023 में कोरोना काल के दौरान यहां हमर लैब की स्थापना की हुई थी, जिससे मरीजों को किफायती दरों पर सभी प्रकार की पैथोलॉजी जांच उपलब्ध कराने की उम्मीद जगी थी,शुरुआती समय में कुछ हद तक सुविधा मिली भी,लेकिन बीते करीब दो वर्षों से रीजेंट की सप्लाई नहीं मिल पाने के कारण कई महत्वपूर्ण ब्लड जांच होना अब पूरी तरह से बंद हो चुकी है। प्राप्त जानकारी अनुसार रीजेंट के अभाव में एलएफटी, आरएफटी, लिपिड प्रोफाइल, बायोकेमिस्ट्री और सिरोलॉजी जैसी जरूरी जांचें बंद हैं,नतीजतन सर्दी-खांसी और बुखार जैसी सामान्य बीमारियों के अलावा अन्य जांच के लिए मरीजों को अंबिकापुर संभागीय मुख्यालय या निजी लैब का रुख करना पड़ रहा है,जहां उन्हें विवश होकर महंगी दरों पर जांच करानी पड़ती है,इसका सीधा असर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के जेब पर पड़ रहा है। शासकीय अस्पताल में रोजाना करीब 35 से 40 मरीज विभिन्न जांच के लिए पहुंचते हैं। वहीं हर माह 9 और 24 तारीख को आयोजित मातृत्व दिवस के दौरान जांच कराने वालों की संख्या 90 से 100 तक पहुंच जाती है, पर्याप्त संसाधन के अभाव में मरीजों को समुचित जांच सुविधा नहीं मिल पा रही है। अब काफी समय गुजर जाने से लैब में स्थापित कई महंगी मशीनें रीजेंट के अभाव में लंबे समय से उपयोग में नहीं आ रही हैं। इससे उनके खराब होने की आशंका भी बढ़ गई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, जागरूक नागरिकों और मरीजों ने शासन-प्रशासन से जल्द रीजेंट की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लैब की पूरी क्षमता का उपयोग हो सके और लोगों को स्थानीय स्तर पर सस्ती व सुलभ जांच सुविधा मिल सके।

इस संबंध में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित भगत ने बताया कि हमारे द्वारा हर माह रीजेंट उपलब्ध कराने की डिमांड विभाग के ज़िला मुख्यालय सूरजपुर से की जाती है। पिछली कंपनी जो रीजेंट सप्लाई करती थी राज्य स्तर में उसका नाम विवादित होने के कारण सप्लाई रुक गई थी। इसके बाद अब तक कोई दूसरी कंपनी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। इस कारण से लैब में कई जांच अब तक बंद है।









